राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय, जयपुर

परिवहन मार्ग, चौमू हाऊस, जयपुर 302001, कार्यालय दूरभाष : 0141–2374644 EMAIL:- RSRTC.EDT@GMAIL.COM

क्रमांक एफ–4/मु/याता/(लेखा–121)/2024/153 **दिनांक** : 19.10.2024

कार्यालय – आदेश

शासन उप–सचिव, (परिवहन) परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के आदेश क्रमांक प.13(1)परि/2023 जयपुर, दिनांक 19.10.2024 से वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 162401959, दिनांक 19.10.2024 के अनुसरण में विभाग के आदेश क्रमांक प.17(5)परि/2021 जयपुर, दिनांक 15.04.2021 के द्वारा जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण/द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अन्दर निःशुल्क यात्रा की सुविधा के क्रम में जारी आदेश क्रमांक 1147 दिनांक 16.04.2021 में बिन्दू संख्या 1 में शिथिलता प्रदान करते हुए निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

"परीक्षार्थियों की अधिक संख्या एवं परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शिथिलन प्रदान करते हुए प्रदेश में आयोजित होने वाली आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को निगम की साधारण / द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अन्दर परीक्षा दिवस से दो दिवस पूर्व व दो दिवस पश्चात् तक अपने निवास स्थल / कोचिंग स्थल / तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक आने–जाने के लिए निःशुल्क यात्रा की सहमति प्रदान की जाती है।"

(पुरूषोत्तम शर्मा)
प्रबन्ध निदेशक

क्रमांक एफ–4/मु/याता/(लेखा–121)/2024/153 **दिनांक** : 19.10.2024

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदया, राजस्थान परिवहन निगम, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव महोदया, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार,जयपुर ।
3. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर ।
4. शासन उप सचिव, परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष ( ), राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर ।
6. समस्त महाप्रबन्धक / संयुक्त महाप्रबन्धक (), राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर ।
7. उप महा प्रबन्धक (आई.टी./ सांख्यिकी) राजस्थान परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वर्णित आदेश वेबसाईट पर उपलब्ध कराना एवं तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें ।
8. प्रभारी नियन्त्रण कक्ष, राजस्थान परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर ।
9. कार्यकारी प्रबन्धक, (जनसम्पर्क / संचालन), राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर ।
10. मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, ... आगार।
11. आदेश पत्रावली ।

प्रबन्ध निदेशक

RajKaj Ref
11269968

Signature valid
Digitally signed by Purushottam Sharma
Designation : Managing Director
Date: 2024.10.19 21:39:44 IST
Reason: Approved